II 1/14 Anx 1

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BX 125529

02 APR

एडवोकेट

न्यास विलेख पत्र (ट्रस्ट डीड)

प्रस्तुत न्यास विलेख पत्र दिनांक 26.04.2014 को मैं श्रीमती अनीता यादव पत्नी श्री राम अशीष यादव निवासिनी- मकान संख्या-2/343, वास्तु खण्ड गोमती नगर, लखनऊ द्वारा निर्मित किया गया है।

विदित हो कि मैं श्रीमती अनीता यादव जनहित के उद्देश्य से अपनी इच्छा से तथा सभी के सहयोग की अपेक्षा के साथ एक जनन्यास का गठन करना चाहती हूँ जिसका तथ्य निम्नलिखित है :-

इस विलेख के गवाहान

1- मैं श्रीमती अनीता यादव एतद्द्वारा यह घोषणा करती हूँ कि मै सत्य निष्ठ एवं स्वविवेक से रूपया 11,000/-(ग्यारह हजार रूपया) देकर उन लोगों को जो मुझसे पूर्णरूप से सम्बन्धित नहीं है और जिनको न्यासी या न्यासीगण की हैसियत से नियुक्त किया गया है और न्यासीगण द्वारा उसी प्रकार के उद्देश्य हेतु उक्त धनराशि मुबलिग 11,000/-(ग्यारह हजार रूपया) प्राप्त किया गया हैं। जिनको उल्लिखित किया गया है।

2- अ. मैं. श्रीमती अनीता यादव निवासिनी- मकान संख्या-2/343,

अनीता यादव

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

र प्रदेश UTTAR PRADESH

0 2 APR 201

वास्तु खण्ड गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0) – प्रधान न्यासी/अध्यक्ष

ब. वीरेन्द्र कुमार यादव पुत्र स्व0 जियाऊ प्रसाद निवासी– ग्राम मुकरी ... चिन्ता पोस्ट–पुरसिया, जिला–बस्ती (उ0प्र0) – न्यासी

स. श्रीचन्द्र यादव पुत्र श्री राम रतन यादव निवासी– मकान संख्या–17/922, इन्दिरा नगर लखनऊ (उ0प्र0) – न्यासी

द. श्रीमती सुमन यादव पत्नी श्री जय जय राम यादव निवासी–मकान संख्या–14/567, इन्दिरा नगर लखनऊ (उ0प्र0) – न्यासी

य. प्रकाश चन्द्र पुत्र श्री सभु नाथ यादव निवासी– ग्राम कठौता का पुरवा विजयन्त खण्ड–1 गोमती नगर लखनऊ (उ0प्र0) – न्यासी

<u>न्यासियों की अधिकतम संख्या – सात तथा न्यूनतम संख्या पांच होगी।</u>

3– उपरोक्त 11,000/–(ग्यारह हजार रुपया) धनराशि के साथ – साथ सभी धनराशि या सम्पत्तियां जो समय – समय पर अंशदान, बख्शिश, हस्तान्तरण या दान इत्यादि किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा मेरे सहित, संस्थानों, निगम, संगठन स्थानीय निकायों या सरकार द्वारा दिया जायेगा और सभी धनराशि

अनीता यादव

या आमदनी या क्षतिपूर्ति का दावा और सेवा तथा सभी सम्पत्तियों वे चाहें चल हो या अचल सब पर न्यास का आधिपत्य होगा किसी भी परिस्थितियों में न्यास के अलावा अन्य किसी व्यक्ति या न्यासी के व्यक्तिगत खाते अथवा निजी उपयोग के लिए नहीं होगी। उक्त सम्पत्ति के रख-रखाव के लिए एक न्यास फण्ड होगा और वह न्यासियों में समाहित होगा।

4– न्यास का नाम — पतिराजी यादव मेमोरियल ट्रस्ट

5– न्यास का मुख्यालय — दुकान संख्या– एल0जी0–8,9; ज ि व न
शॉपिंगसेन्टर–सी0पी0–10
विराज खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।

6– न्यास का कार्यक्षेत्र — सम्पूर्ण भारत

7– इस न्यास का उद्देश्य निम्नलिखित होगा तथा एतद्द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उनमें से कोई भी व्यक्ति लाभ हेतु क्रियाशील नहीं होगा –

(क) मानव मात्र के शान्ति, आनन्दमय, निष्कंटक, चिन्तारहित – स्वास्थ्य इहलोक, तथा अध्यात्मिक उन्नति द्वारा अंततः मुक्ति हेतु सभी

अनीता यादव